धरना तीसरे दिन भी जारी

झालावाड़ (निसं)। संयुक्त संघर्ष समिति वन विभाग के बैनर तले पदौन्नित और वेतन विसंगति सम्बन्धी 15 सूत्रीय मांगों को लेकर वन कर्मियों द्वारा चलाए जा रहे कार्य बहिष्कार के आन्दोलन के तीसरे दिन झालावाड वन मण्डल के समस्त वन कर्मियों द्वारा धरना प्रदर्शन जारी रहा।

खोया पाया
श्री राहुल शर्मा पुत्र श्री प्रमोद कुमार शर्मा का मकान नं. 1-M-5 महावीर नगर III, कोटा का मूल निरस्तीकरण पत्र (कैंसिलेशन लेटर) गुम हो गया है। किसी को मिलने पर 1-M-5 महावीर नगर III, कोटा पर या मोबाईल नं. 9929002302 पर सूचित करें।

नाम परिवर्तन
मैं मो. तारीक (MOHD TARIQUE) मेरा पासपोर्ट में गलत नाम मोहम्मद तारीक (MOHAMMAD TARIQUE) अंकित हो गया है, जिसे बदलकर मैं अपना सही नाम मो. तारीक (MOHD TARIQUE) 73-C वक्फनगर दादाबाडी कोटा रख रहा हूं भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जावें।

नाम परिवर्तन
मैं अली असगर जमाली पिता इन्सिया मैंने मेरी पुत्री इन्सिया का नाम बदलकर नया नाम इन्सिया जमाली रख लिया है। भविष्य में मेरी पुत्री को इन्सिया जमाली के नाम से जाना पहचाना जावे।
पता-इन्सिया जमाली पुत्री अली असगर जमाली वजीही कालोनी पिड़ावा रोड सुनेल झालावाड़

नाम परिवर्तन
मैंने अपना पुराना नाम मुर्तजा से बदलकर नया नाम मुर्तजा चक्कीवाला रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जावे।
पता-मुर्तजा चक्कीवाला पुत्र सैफुद्दीन पुराने थाने के सामने चेचट, कोटा

नाम परिवर्तन
मैने अपना पुराना नाम MOAYYAD से बदलकर नया नाम MOAYYAD SALEH BHAI ZARIWALA रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जावें।
पता-मोय्यद सालेह भाई जरीवाला पुत्र सैफुद्दीन सैफीपुरा सुनेल झालावाड़

नाम परिवर्तन
मैंने अपना पुराना नाम LAXMI BHATIYA से बदलकर नया नाम LAXMI BHATIA रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जावें।
पता-LAXMI BHATIA W/O VIKAS KUMAR ROHIRA, 1-DA-11, VIGYAN NAGAR, KOTA

पश्चिम मध्य रेल
वाणिज्य विभाग, खुली निविदा
निविदा सूचना दिनांक: 03.02.2023
भारत संघ के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पश्चिम मध्य रेलवे कोटा मंडल निम्न कार्य C-491-part-2-MLGHGCT-06-2023 दिनांक 03.02.2023 के लिए ई- निविदा आमंत्रित करते है। निविदा खुलने की दिनांक 27.02.2023 एवं समय 15:00 बजे निर्धारित है। इस निविदा में किसी भी तरह के मैनुअल प्रस्तावों पर विचार नहीं किया जायेगा। **निविदा सूचना संख्या**- C-491-Part-2-MLGHGCT-06-2023 Date 03-02-2023 **कार्य का नाम**- पश्चिम मध्य रेलवे के कोटा मंडल के मांडलगढ स्टेशन पर रेलवे भूमि पर गति शक्ति मल्टी मॉडल कार्गो पॉलिसी 2022 के तहत लोडिंग/अनलोडिंग सुविधाओं और संबंधित बुनियादी ढांचे के निर्माण और रखरखाव का कार्य के लिए आवंटित करने हेतु। **निविदा की अनुमानित लागत (रूपये में)** - रू. 468521610.03/-, **बयाना राशि**- रू. 46852200/-. **निविदा की अंतिम तिथि और समय**- 27.02.2023 को 15:00 बजे, ई निविदादाता/बोलीदाता के पास कक्षा ।।। डिजिटल हस्ताक्षर होना आवश्यक है व www.ireps.gov.in पोर्टल पर पंजीकरण होना चाहिए। केवल पंजीकृत निविदाता/बोलीदाता ई निविदा में भाग ले सकते है सभी आवश्यक दस्तावेज ई-निविदा में भाग लेने के समय निविदाता द्वारा अपलोड किया जाना चाहिए। इस निविदा की पूर्ण जानकारी व दस्तावेज www.ireps.gov.in पोर्टल पर उपलब्ध है।
वरि. मंडल वाणिज्य प्रबंधक
पश्चिम मध्य रेल, कोटा
कोरोना को है हराना,
तो टीकाकरण जरूर कराना

न्यायालय जिला न्यायाधीश कोटा (राज.)
बइजलास श्री अश्वनी विज, आर.एच.जे.एस.
दी. मु. प्रकरण संख्या 15/2023
1. सतनाम सिंह आनन्द आयु 72 वर्ष सुपुत्र स्व. श्री जगजीत सिंह आनन्द निवासी 18 बल्लभ नगर कोटा हाल निवासी 5-ए-6 विज्ञान नगर कोटा (राज.), 2. जसपाल कोर आयु 69 वर्ष पत्नी श्री कंवरजीत सिंह सेठी पुत्री स्व. श्री जगजीत सिंह आनन्द निवासनी 6 बल्लभ नगर कोटा (राज.) ......प्रार्थीगण
बनाम
1. सुरेन्द्र पाल सिंह आनन्द आयु 65 वर्ष सुपुत्र स्व. श्री जगजीत सिंह आनन्द निवासी 48 बल्लभ नगर विस्तार योजना कोटा (राज.), 2. एक्सिस बैंक शाखा शोपिंग सेन्टर कोटा (राज.), 3. बैंक ऑफ बड़ौदा शाखा तलवण्डी कोटा (राज.), 4. ए.यू. स्मॉल फाईनेन्स बैंक, घोड़े वाले बाबा चौराहा कोटा (राज.), 5. आई.डी.बी.आई. बैंक घोड़े वाले बाबा चौराहा कोटा (राज.), 6. इण्डियन ओवरसीज बैंक शाखा बल्लभ नगर कोटा (राज.), 7. सर्व साधारण ....प्रतिपक्षीगण
अंतर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि प्रार्थीगण द्वारा माता पिता श्री जगजीत सिंह आनन्द एवं श्रीमती जोगेन्दर कौर आनन्द की संयुक्त बैंक खातों में जमा राशि एवं फिक्स डिपोजिट रसीद की राशि एवं बैंक लॉकर में चल सम्पत्ति के संबंध में तथा स्व. जगजीत सिंह आनन्द एवं श्रीमती जोगेन्दर कौर आनन्द के विभिन्न बचत खातों एवं फिक्स डिपोजिट की राशि के संबंध में प्रतिपक्षी सुरेन्द्रपाल सिंह आनन्द के विरुद्ध 1/3, 1/3 भाग तथा प्रतिपक्षी क्रम-1, राशि 1/3 भाग मय ब्याज अथवा आभूषण के संबंध में उत्तराधिकार प्रमाण पत्र जारी किये जाने हेतु एक प्रार्थना पत्र माननीय न्यायालय में प्रस्तुत किया है। जिसमें आगामी तारीख पैशी 16.03.2023 नियत है। अत: जिस किसी भी व्यक्ति को कोई उज्र अथवा आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति स्वयं अथवा जर्ये प्लीडर उक्त न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करे। अन्यथा प्रकरण का नियमानुसार निस्तारण कर दिया जावेगा।
मोहर अदालत
आज्ञा से
न्यायालय के आदेश से
वरिष्ठ मुंसरिम
जिला एवं सेशन न्यायालय कोटा (राज.)

मोशन को शानदार सफलता मिली, जश्न में स्टूडेंट और फैकल्टी थिरके

कोटा, (निसं)। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी की ओर से इंजीनियरिंग दाखिलों के लिए देश की सबसे बड़ी संयुक्त प्रवेश परीक्षा जेईई मेन 2023 के पहले चरण यानी जनवरी सत्र के लिए पेपर 1 का परिणाम घोषित कर दिया है। इसमें मोशन एजुकेक्शन के स्टूडेंट्स ने एक बार फिर शानदार सफलता प्राप्त की है।

मोशन एजुकेशन के फाउंडर और सीईओ नितिन विजय ने बताया कि मोशन एक बार फिर विद्यार्थियों और अभिभावकों के भरोसे पर खरा उतरा है। जेईई मेन के नतीजों में हमारे 2 छात्रों तुषार जैन और आदित्य शर्मा ने किसी एक विषय में 100 पर्सेंटाइल हासिल किए हैं। वहीं स्टूडेंट्स अक्षत अजमेरा, नमन गोयल, संकेत दास, आयुष नामा, हर्षित सिंघल, अवधूत गोलेकर, प्रियंका सार, संकेत राउत और तोषित जैन सहित 11 विद्यार्थियों ने 99.9 पर्सेंटाइल हासिल किए।

मोशन एजुकेशन के 176 विद्यार्थियों ने 99.95 परसेंटाइल और 38.41 प्रतिशत स्टूडेंट्स ने 95परसेंटाइल या अधिक अंक प्राप्त किए। मोशन के इंद्रप्रस्थ औद्योगिक क्षेत्र के रोड नंबर एक स्थित द्रोणा कैम्पस में जेईई मेन में मिली सफलता का जश्न मनाया गया। ज्वाइंट डायरेक्टर रामरतन द्विवेदी और डिप्टी डायरेक्टर निखिल श्रीवास्तव ने टॉपर्स का स्वागत किया। इस अवसर पर स्टूडेंट्स और फेकल्टी ढोल पर जमकर थिरके और आतिशबाजी की गई।

कोटा में मोशन एजुकेशन के द्वारा सफलता का जश्न मनाया गया है।

टॉपर्स ने अपने अनुभव शेयर करते हुए बताया कि टॉपिक वाइज शार्ट नोट्स और नियमित रिवीजन से सफलता की राह आसान बनी। फैकल्टीज की गाइडलाइंस को फॉलो करना जरूरी है। कोटा का माहौल और मोशन का सिस्टम काफी अच्छा है और सपने साकार करने के लिए यहां हर संसाधन है। फैकल्टीज एक्सपीरियंस्ड व बेस्ट होने के साथ सपोर्टिव हैं। मॉक टेस्ट, अनुशासित माहौल मोशन को बेस्ट बनाते हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि अंतिम एक-दो महीने में पढ़ाई कर सफलता हासिल नहीं की जा सकती। इसलिए क्लासरूम कोचिंग के साथ निरंतर सेल्फ स्टडी बहुत जरुरी है। एनटीए जेईई मेन रिजल्ट 2023 आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध है।

उम्मीदवार जो जनवरी सत्र की परीक्षा के लिए उपस्थित हुए थे, वे अपने क्रेडेंशियल्स जैसे आवेदन संख्या और जन्म तिथि के साथ लॉग इन करके परिणाम डाउनलोड कर सकते हैं। जेईई मेन 2023 सत्र 1 की परीक्षाएं जनवरी 24, 25, 28, 29, 30, 31 और एक फरवरी को आयोजित की गई थी। इस साल जेईई मेन जनवरी सत्र की परीक्षा के लिए ही नौ लाख से अधिक छात्रों ने पंजीकरण कराया था। कुल आवेदकों में से, पेपर एक यानी बीई, बीटेक के लिए 8.6 लाख विद्यार्थी पंजीकृत हुए, जिनमें छह लाख से अधिक छात्र उम्मीदवार और 2.6 लाख से अधिक छात्राएं शामिल हैं।

- मोशन के दो विद्यार्थियों ने टॉप 100 पर्सेंटाइल में जगह बनाई

जेईई मेन्स 2023 के परिणाम के आधार पर शॉर्ट लिस्ट किए गए उम्मीदवार राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईटी), भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईआईटी) के लिए जेईई एडवांस 2023 में प्रवेश के लिए पात्र होंगे। जेईई मेन 2023 सत्र 2 अप्रैल 6, 7, 8, 9, 10, 11, 12 अप्रैल को आयोजित किया जाएगा।

खेलकूद प्रतियोगिता में उत्साह रहा

कोटा, (निसं)। पांच दिवसीय ''हेल्थ एंड वेलनेस'' थीम पर आधारित अंतर विभागीय खेलकूद प्रतियोगिता के दूसरे दिन बुधवार, 08 फरवरी को कोटा रेलवे स्टेडियम में क्रिकेट, टेबल टेनिस, कैरम एवं शतरंज खेल का आयोजन किया गया। क्रिकेट के कुल छह मैच खेले गये प्रति मैच 12 ओवर के थे जिसमे इंजीनियरिंग(पी.वे) विभाग ने कुल 240 रन (सर्वाधिक) बनाये एवं इस विभाग के कुलदीप ने 100 रन (शतक) बनाया। अंतर विभागीय पांच दिवसीय विभागीय खेलकूद प्रतियोगिता में कोटा रेल मंडल के कुल 397 कर्मचारी खिलाड़ी प्रतिभाग करेंगे।

पश्चिम मध्य रेल
सिगनल एवं दूर संचार विभाग
निविदा सूचना दिनांक: 03.02.2023
भारत संघ के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से वरि.मं.सं. एवं दू.सं.इंजी (सिग्नल एवं दूर संचार) पश्चिम मध्य रेलवे, कोटा मंडल, निम्नलिखित कार्यों Tender No. KOTA/SNT/SIG/2022/17 के लिये निर्धारित इ-निविदाएं आमंत्रित करते है टेण्डर खुलने की तारीख एवं समय टेबल में दर्शाया गया है। इस निविदा के लिये किसी भी तरह के मैनुअल प्रस्तावों की अनुमति नहीं है और किसी भी तरह के प्राप्त मैनुअल प्रस्ताव को नजरअंदाज कर दिया जायेगा। **टेण्डर सं** - कोटा/एसएण्डटी/सिंग/2022 /17, **कार्य का नाम**- कोटा मथुरा सेक्शन रिप्लेसमेंट ऑफ ऑल्ड ऑउटलिब्ड ऑर डेमेजड पीऑएलबी फॉर ईम्प्रुवमेंट ऑफ रिलाईबिलीटी एण्ड सेफटी एट एलसी गेटस। **कार्य की अनुमानित लागत**- रू. 70,48,177.42/-, **बयाना राशि**- 1,41,000/- **तारीख एवं समय** - दिनांक 27.02.2023 को 15:00 बजे। पूर्ण विवरण वेबसाईट https://www.ireps.gov.in पर अपलोड की गई है। निविदा/बोलीदाताओं के पास कक्षा।।। डिजीटल हस्ताक्षर प्रमाणपत्र होना आवश्यक है और आई.आर.ईपी.एस पोर्टल पर रजिस्टर होना चाहिए। केवल पंजीकृत निविदा/बोलीदाताओं ई-टेण्डरिंग पर भाग ले सकते है। सभी आवश्यक दस्तावेज ई-निविदा में भाग लेने के समय में अपलोड किया जाना चाहियें। पंजीकृत निविदा एण्ड GSTIN रजिस्टर होना चाहिए।
वरि. मं.सं.एवंदू.सं.इंजी/सिग्नल एवं वर्क्स
पश्चिम मध्य रेल, कोटा
कोरोना को है हराना,
तो टीकाकरण जरूर कराना

हैतुक दर्शित करने हेतु सूचना
राजस्थान किराया नियंत्रण अधिनियम 2001 के अध्याय 5 में किराये के पुनरीक्षण एवं बेदखली बाबत् प्रार्थना-पत्र
न्यायालय - न्यायाधीश किराया अधिकरण, कोटा (राज.)
पीठासीन अधिकारी श्रीमान राजीव दत्तात्रेय
श्रीमती किरण कृपलानी विरुद्ध आदित्य शर्मा
प्रार्थना पत्र सख्या 164/2022
नाम आदित्य शर्मा पुत्र श्री रविकांत शर्मा जाति ब्राहम्ण प्रो. फर्म मैसर्स आदित्य आर एन्टरप्राईजेज पता:(1)-13 इण्डस्ट्रीयल एस्टेट कोटा।
(2)- दुकान नं. 78 शॉपिंग सेन्टर कोटा।
प्रार्थी ने आपके विरुद्ध फिराये के पुनरीक्षण /बेदखली के लिए राजस्थान किराया नियंत्रण अधिनियम 2001की धारा 05 व 18 के तहत एक अर्जी प्रस्तुत की है जो पंजीयन कर ली गयी है। आपको इस न्यायालय में तारीख 09 माह 03 सन् 2023 को 10-00 बजे उक्त अर्जी का उत्तर देने के लिए (हाजिर) होने के लिए चेतावनी दी जाती है। आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर द्वारा उपसंजात हो सकते है जिसे सम्यक अनुदेश किये गये हो और जो इस अर्जी से सम्बन्धित सभी सरवान प्रश्नों के उत्तर दे सकें या जिसके साथ कोई ऐसा व्यक्ति हो जो ऐसे सब प्रश्नों का उत्तर दे सके। आपको यह भी निर्देश दिया जाता है कि आप उक्त दिन या इससे पूर्व 30/45 दिन के भीतर अपनी प्रतिरक्षा का लिखित साक्ष्य नोटिस की तामील होने की तारीख से दाखिल करे और उक्त तारीख पर या तामील होने के 30/45 दिन के भीतर ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है, पेश करें, जिन पर आपकी प्रतिरक्षा या दाखिल/मुजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित है, साथ ही यदि आप किसी अन्य दस्तावेज पर चाहे व आपके कब्जे व शक्ति में न हो, अपनी प्रतिरक्षा, मुजराई के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते हो आप ऐसे दस्तावेज उल्लिखित समय के बाद उपाबद्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें। आपको यह भी निर्देशित किया जाता है कि आप अपने प्रतिरक्षा के और जवाब के साथ उन सभी साक्षीगण के एवं स्वयं के शपथ पत्र प्रस्तुत करें जो आपकी प्रतिरक्षा का समर्थन करते हैं तथा उन वस्तावेजों का और उस साक्ष्य का ब्यौरेवाल वर्ण शपथ-पत्र में किया जावे साथ ही निम्न दस्तावेजों को न्यायालय में प्रदर्शित कराना हो उन पर लाल स्याही से प्रदर्श डालकर प्रस्तुत करें और शपत-पत्र में ए से बी, सी से डी हस्ताक्षर इत्यादि या लिखावट आदि जिसको प्रमाणित कराना है, का उल्लेख भी किया जावे। आपको पुनः आगाह किया जाता है कि उक्त नोटिस की तामील होने के 30/45 दिन के भीतर आप अपनी प्रतिरक्षा उपरोक्त प्रकार से न्यायालय में दाखिल करें, या उक्त तारीख पेशी पर प्रस्तुत कर दें अन्यथा आपकी प्रतिरक्षा राजस्थान किराया नियंत्रण अधिनियम 2001 के तहत समाप्त हो जावेगी। आपको यह भी आगाह किया जाता है कि तारीख पेशी से पूर्व यदि आप द्वारा प्रतिरक्षा हेतु जवाब प्रार्थी, शपथ-पत्र तथा अन्य दस्तावेज प्रस्तुत किये जाते है तो न्यायालय में प्रस्तुत करने से पूर्व प्रार्थी के अधिवक्ता श्री दीपक कलवार एडवोकेट को उक्त प्रतिरक्षा की और जवाब दावा, शपथ-पत्रों की, दस्तावेजों व अन्य साक्ष्य की प्रति उपलब्ध करा दें। (नकल सलंग्न नही है) आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप ऊपर बताई गई तारीख को इस न्यायालय में उपसंजात नही होगे तो वाद की सुनवाई और उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जाएगा। नोटिस आज दिनांक 08.02.2023 को मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।
मोहर
आज्ञानुसार- रीडर
न्यायालय किराया अधिकरण, कोटा

'नदी पार क्षेत्र का स्वरुप बदल गया'

कोटा, (निसं)। कांग्रेस के हाथ से हाथ जोड़ो अभियान के तहत नगरीय विकास एवं स्वायत्त शासन मंत्री शांति धारीवाल लगातार कोटा में पदयात्रा के जरिए जनता के बीच पहुंचकर क्षेत्र के विकास कार्यों का फीडबैक ले रहे हैं वही क्षेत्रवासियों की समस्याएं सुन उनको निस्तारण के लिए भी आश्वस्त कर रहे हैं इसी कड़ी में बुधवार को कोटा उत्तर विधानसभा क्षेत्र के वार्ड नंबर 1 बड़गांव में पदयात्रा निकाली गई यूडीएच मंत्री शांति धारीवाल कांग्रेस नेता अमित धारीवाल बड़गांव के गली मोहल्लों में पहुंचे क्षेत्रवासियों से मुलाकात की पदयात्रा का जगह जगह पर क्षेत्रवासियों ने स्वागत किया।

यात्रा के दौरान मंत्री शांति धारीवाल ने ग्रामीणों द्वारा बताए गए कार्यों को भी जल्द पूर्ण करने के अधिकारियों को निर्देश दिए। क्षेत्रवासियों से मुखातिब होते हुए मंत्री धारीवाल ने कहा कि नदी पार क्षेत्र का स्वरूप बदल गया है शहरी क्षेत्र से ज्यादा विकास के कार्य नदी पार क्षेत्र में हुए हैं इसके साथ ही विश्व स्तरीय पर्यटन स्थल चंबल रिवर फ्रंट का कार्य पूर्ण होते ही रोजगार के भी बेहतर अवसर क्षेत्रवासियों को मिलेंगे। पदयात्रा के दौरान मंत्री शांति धारीवाल और अमित धारीवाल में यात्रा मार्ग में आए मंदिरों पर दर्शन किये, मंदिर समितियों की ओर से भी पदयात्रा का स्वागत किया गया। पदयात्रा के दौरान ब्लॉक अध्यक्ष नेवा लाल गुर्जर, पूर्व उप जिला प्रमुख सत्येंद्र मीणा यूथ कांग्रेस अध्यक्ष राम सिंह जादौन, वरिष्ठ कांग्रेस नेता अजीजुल्लाह खान सहित क्षेत्र के पार्षद कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

कोटा का नदी पार क्षेत्र विकास एवं सुविधाओं के क्षेत्र में शहरी क्षेत्र से भी आगे आ गया है अकेले बड़गांव में 10 करोड़ से अधिक के विकास कार्य पूर्ण हो चुके हैं और करोड़ों रुपए के विकास कार्य जारी हैं नगरीय विकास एवं स्वायत्त शासन मंत्री शांति धारीवाल ने यह बात आज बड़गांव के क्षेत्रवासियों को सामुदायिक भवन की सौगात देते हुए कहीं मंत्री शांति धारीवाल ने कोटा नगर विकास न्यास द्वारा करीब 82 लाख की लागत से विकसित किए गए सामुदायिक भवन का लोकार्पण किया।

सामुदायिक भवन में विशाल हॉल के साथ कमरों का भी निर्माण करवाया गया है जहां क्षेत्रवासी सामाजिक एवं अन्य आयोजन कर सकेंगे वही मंत्री शांति धारीवाल ने क्षेत्रवासियों को बड़गांव में खेल मैदान क्षेत्र में सड़क नाली निर्माण, स्कूल में कमरों का निर्माण एवं बाउंड्री वाल सहित जनमानस के अनुसार विकास कार्यों की मांग को पूरा करते हुए जल्द शुरू करने के भी निर्देश दिए कहीं नहीं मंत्री धारीवाल ने क्षेत्रवासियों को आश्वस्त करते हुए कहा कि विकास कार्यो में जनमानस की मांग पर कहीं कमी नहीं छोड़ी जाएगी उन्होंने सरकार द्वारा चलाए जा रहे अभूतपूर्व अभियान के तहत जल निगम व न्यास के कैंप भी बड़गांव में आयोजित करवाने के लिए आश्वस्त किया था कि वंचित लोगों को उनके आवास वह भूखंड का मालिकाना हक मिल सके। लोकार्पण समारोह को कांग्रेस नेता अमित धारीवाल ने भी अपने संबोधन में कहा कि नदी पार क्षेत्र का स्वरूप बदल गया है।

ग्रामीण क्षेत्र होने के बावजूद शहरी क्षेत्रों जैसी सुविधाएं एवं कई क्षेत्रों में शहरी क्षेत्र से भी ज्यादा विकास एवं सुविधाओं के कार्यों से जनता के लिए सुविधाएं विकसित की गई है। लोकार्पण के दौरान ब्लॉक अध्यक्ष नेवालाल गुर्जर, यूथ कांग्रेस अध्यक्ष श्याम सिंह जादोन्न, पूर्व उप जिला प्रमुख सत्येंद्र मीणा वरिष्ठ कांग्रेस नेता अजीजुल्लाह खान, न्यास सचिव राजेश जोशी उपसचिव चंदन दुबे सहित क्षेत्र के कांग्रेस कार्यकर्ता क्षेत्र वासी एवं प्रशासनिक अधिकारी मौजूद थे।

नगरीय विकास एवं स्वायत्त शासन मंत्री शांति धारीवाल की पहल पर कोटा अदालत परिसर के हो रहे कायाकल्प के साथ अब अभिभाषक परिषद कोटा द्वारा की गई मांग अदालत परिसर में मौजूद अभिभाषक परिषद का मीटिंग हॉल एवं महिला अधिवक्ता कॉमन रूम सहित अन्य रिनोवेशन के कार्य भी किए जाएंगे। मंत्री शांति धारीवाल ने बुधवार को अदालत परिसर में चल रहे विकास कार्यों का निरीक्षण किया साथ ही अभिभाषक परिषद द्वारा की गई मांग को भी पूरा करते हुए सभी कार्यों को गुणवत्ता के साथ समय पर पूर्ण करने के निर्देश दिए।

आपको बता दें कोटा अदालत परिसर में करीब 4 करोड़ रुपए के विकास कार्य निर्माणाधीन है। जिसके तहत अधिवक्ताओं के बैठने के लिए सुव्यवस्थित स्थान एवं अदालत परिसर में विकास कार्य जारी हैं वही अभिभाषक परिषद कोटा द्वारा अन्य कार्यो की गई डिमांड को भी मौके पर ही पूरा करते हुए न्यास अधिकारियों को निर्देश दिए इस दौरान आर्किटेक्ट अनूप भरतरीया न्यास को एसडी आरडी मीणा सचिव राजेश जोशी, अभिभाषक परिषद कोटा के अध्यक्ष प्रमोद शर्मा, महासचिव गोपाल चौबे सहित परिषद के पदाधिकारी एवं अधिवक्ता मौजूद रहे।

श्री उम्मेद क्लब की कमान पुन: मीणा और राजावत के नाम

कोटा, (निसं)। कोटा के विरासत कालीन क्लब श्री उम्मेद क्लब कोटा की आमसभा बुधवार को नयापुरा स्थित क्लब भवन में आयोजित की गई। जहां अध्यक्ष आर डी मीना एवं महासचिव लोकेन्द्र राजावत के कार्यों पर मोहर लगाते हुए आमसभा ने सर्वसम्मिती से सम्पूर्ण कार्यकारिणी को निविरोध निर्वाचित किया। उपाध्यक्ष पद पर डॉ. विजय सरदाना, मनीष धारीवाल, सचिव पद हेतु अजय खत्री, अलौकिक जैन, कपिल जैन, कमलदीप सिंह व कोषााध्यक्ष पद हेतु सुधाकर बहेड़िया को मनोनीत किया गया। नवीन कार्यकारणी 3 वर्षों के लिए अपना कार्य करेगी।

अध्यक्ष आर डी मीना ने वर्ष पर्यन्त कार्यो की गतिविधियो व आय-व्यय का ब्यौरा आम सभा में पढ़ा और सभा की प्रशंसा प्राप्त की। उन्होंने बताया कि स्वायत शासन मंत्री शांति धारीवाल ने इस क्लब के सौन्दर्यकरण में विशेष सहयोग रहा। उन्होंने कहा कि क्लब की सकारात्मक गतिविधियों से क्लब ने खोई पहचान पुनः हासिल कर ली है। क्लब महासचिव लोकेंद्र सिंह राजावत ने अपने उद्बोधन में कहा कि क्लब अध्यक्ष आर डी मीना के नेतृत्व में क्लब ने प्रगति के साथ कार्य किया। क्लब में जीर्णोउद्धार व दरबार हॉल सहित रिनोवेशन कार्य सम्पन्न किए गए। 22 लाख की लागत से अंतर्राष्ट्रीय मानको का बॉस्केटबॉल कोर्ट बनाया गया। क्लब ने स्पोर्ट के क्षेत्र में अपना नाम कमाया है आज राष्ट्रीय स्तर के प्रतिभावान खिलाड़ी श्री उम्मेद क्लब स्पोर्ट एकेडमी से निकल रहे है यहां के खिलाड़ियों ने बॉस्केट बॉल, लॉन टेनिस, बॉक्सिंग, ताइक्वांडो में राष्ट्रीय स्तर पर मेडिल प्राप्त कर देश में कोटा का परचम लहराया है।

क्लब ने मूकबधिर बच्चों के लिए किक्रेट और मधुमय रोगी बच्चों के लिए पतंगबाजी की प्रतियोगिता का आयोजन किया था। हेल्दी एंड हाइजीनिक प्रोडक्ट स्टोल व फूड कोर्ट का आयोजन किया।

पालिकाध्यक्ष द्वारा बोर्ड बैठक समाप्ति की घोषणा पर पार्षद बिफरे

छबड़ा, (निसं)। नगरपालिका बोर्ड की लंबे अर्से बाद हुई चलती पालिका की बोर्ड बैठक की समाप्ति की घोषणा कर पालिकाध्यक्ष उनकी कुर्सी से उठकर सभागार भवन से निकल गए। आक्रोषित पार्शद उन्हे रोकते ही रह गए। पालिकाध्यक्ष के बैठक से चले जाने के विरोध में पार्शदो ने जमकर हंगामा किया और उनके द्वारा लाए गए ज्ञापनों की प्रतियां जला दी। सर्वसम्मति से यहां 40 करोड 86 लाख रूपयों के बजट का प्रस्ताव लिया गया।

पालिका की बोर्ड बैठक चैयरमेन कैलाषचंद जैन की अध्यक्षता में बुधवार दोपहर तीन बजे प्रारंभ हुई। ईओ महेंद्रसिंह चारण ने एजेंडे अनुसार बैठक संचालित करने की बात कही और एजेंडे के बाद पार्शदो की समस्याओं पर विचार-विमर्ष करने का आष्वासन दिया। परंतु चार सूत्रीय एजेंडे पर चर्चा होने के साथ ही 4 बजे चैयरमेन जैन ने बैठक समाप्ति की घोषणा कर कुर्सी से खड़े हो गए और बाहर निकल गए और अन्यत्र चले गए। पिछले छह माह बाद हुई बैठक में अपनी-अपनी जनसमस्या लेकर पहुंचे भाजपा-कांग्रेस पार्शद व महिला पार्शद इस कृत्य से आक्रोषित हो गए और जमकर हंगामा कर शोर-शराबा किया।

पालिका की बोर्ड बैठक में पालिकाध्यक्ष को खरी-खोटी सुनाई।

भाजपा समर्थित पार्शद रितेष षर्मा अपने वार्डों की समस्याएं लिखकर लाए थे, जिन्हे उन्होने आक्रोषित हो जला दिया। कांग्रेसी पार्शद भी चैयरमेन की कार्यप्रणाली से असंतुश्ट नजर आए। महिला पार्शद हंसकंवर ने महाषिवरात्रि मेले में अध्यक्षीय पद पर चर्चा नही होने पर नाराजगी जताते हुए चैयरमेन पर मेले सहित अन्य मामलों में भ्रश्टाचार के आरोप लगाए।

सुनवाई नही होने से भड़के पार्षद:- बैठक में भाजपा पार्शद रोहित अरोड़ा ने कहा कि उनके द्वारा सूचना के अधिकार के तहत सूचनाएं मांगी जाती है, किंतु सूचनाएं नही दी जा रही हैं। भाजपा पार्शद मुकेष पांचाल ने आक्रोषित षब्दो में सदन में चेतावनी दी है एक सप्ताह में बिगड़ती सफाई व्यवस्था नही सुधरेगी तो पालिका कार्यालय के सामने अनिश्चितकालील धरना देकर आंदोलन करेंगे। सफाई व्यवस्था के विशय पर हुई चर्चा पर पार्शद रमेष तेजस्वी व कमलसिंह आसावत सहित अन्य पार्शदो बीच बहुत देर तक जमकर कहासुनी हो गई। सहवृत पार्शद राजेष भार्गव ने सदन को अवगत कराया कि विगत चार माह से पालिका की जेसीबी मषीन खराब हो गई। जिसके कारण सफाई व्यवस्था सुधारने में परेशानी आ रही है। पार्षद हस्सान खान ने कहा कि पालिका के विभिन्न चौराहों पर आवारा जानवरो के जमावड़ा लगा रहने से आए-दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं। जानवर अकाल मौत के मुंह में जा रहे हैं।

यह लिए गए प्रस्ताव:- ईओ महेंद्रसिंह चारण के अनुसार बैठक में आगामी वित्तीय वर्श 2023-24 के लिए 40 करोड़ 86 लाख रूपयों का बजट सर्वसम्मति से पारित किया गया। जिसमें कस्बे में 20 करोड की लागत से कस्बे में सडको का निर्माण कार्य किया जाएगा।

तीन करोड़ 50 लाख रूपए इंद्रिरा रसोई, सफाई आदि पर खर्च किए जाएगे। बैठक में पालिका द्वारा भूखंड विक्रय करने एवं पालिका के लिए नवीन वाहन क्रय करने का निर्णय लिया गया। महाषिवरात्रि मेले का बजट 20 प्रतिषत बढाकर 24 लाख रूपए स्वीकृत किया गया। वहीं मलंगषाह बाबा के उर्स का बजट भी पांच लाख से छह लाख का किया गया।

सार-समाचार

425 बच्चों का उपचार किया

रावतभाटा, (निसं)। राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत बुधवार को उपजिला चिकित्सालय रावतभाटा पर निःशुल्क चिकित्सा शिविर लगा कर 425 बच्चों का उपचार किया गया। शिविर में फिजिषियन डॉ. ब्रजेष धाकड़, दन्तरोग विषेषज्ञ डॉ. वैभव शर्मा, डॉ कन्हैयालाल व नैत्र सहायक मोनू बोयत सहित विषेषज्ञ चिकित्सकों ने बच्चों का उपचार किया। खण्ड मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अनिल जाटव ने बताया कि आरबीएसके कार्यक्रम के निःशुल्क चिकित्सा शिविर में आयुष चिकित्सक डॉ. मनीष राठौर, डॉ. महेन्द्र मीणा, डॉ. वर्षा गौतम, डॉ सुप्रीत कॉर द्वारा विद्यालय, आंगनबाड़ी से बच्चों को शिविर में मोबेलाइज करवा कर बच्चों का स्वास्थ्य प्रषिक्षण करवाकर बीमारी से ग्रसित बच्चों का उपचार करवाया गया। तथा गंभीर बीमारी से ग्रसित बच्चों को उच्च संस्था पर रैफर किया गया। जिला स्तर से आरबीएसके समन्वयक विकास आचार्य व कन्हैयालाल गुप्ता द्वारा षिविर का निरक्षण किया गया, षिविर में नर्सिंग स्टाफ रतन, पप्पू, शरीफन, रीतिक कुमारी, फार्मास्ट भूराराम, एलटी षिवलाल सहित स्टाफ ने सेवाएं दी। खण्ड मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अनिल जाटव द्वारा निषुल्क चिकित्सा षिविर का अवलोकन किया गया।

विद्यालय में दस हजार की राशि सौंपी

रावतभाटा, (निसं)। रावतभाटा वार्ड पार्षद एडवोकेट राघव गुर्जर ने वार्ड नं 31 के स्कूल के बच्चों के लिये पानी की व्यवस्था के लिये अपनी स्वयं की तरफ से दस हजार की राशि स्कूल प्रशासन को सौंपी और बताया की नगरपालिका रावतभाटा की लापरवाही के कारण बच्चो को पीने के पानी की समस्या का सामना कई दिनो से करना पड़ रहा है। छोटे-छोटे बच्चों को पीने के पानी के लिये भटकना पड़ रहा है। पार्षद द्वारा बार बार नगरपालिका को कहने के बावजूद नगरपालिका द्वारा कोई राहत नही दी गई। नगरपालिका रावतभाटा द्वारा वार्ड नं. 31 मे कोई कार्य नही करवाये जा रहे व भ्रष्टाचार चरम सीमा पर किया जा रहा है। फर्जी कम्पनी बना कर कुछ नेता फर्जी बिलो द्वारा करोड़ो की राशि का भुगतान उठा रहे हैं, जबकी छोटे बच्चो के लिये राजनैतिक दबाव के कारण पीने का पानी उप्लब्ध नही किया जा रहा है जिससे बच्चो को बहुत परेशानी हो रही है।

पेयजल लाइन बिछाई

रावतभाटा, (निसं)। पार्षद संदीप लोट ने बताया कि चर्च बस्ती वार्ड नं.22 में पिछले कई वर्षों से पानी की समस्या रही है। जिससे की वार्ड में नल स्टैंड से लाइन लगा कर पानी भरना एक बड़ी समस्या रही थी, परन्तु अब वार्ड नं. 22 चर्च बस्ती में विधायक राजेन्द्र सिंह बिधूड़ी की आम जन के लिए निरंतर प्रयासों व पार्षद लोट की मेहनत से वार्ड की दशा सुधरी है। लौट ने बताया कि वार्ड में पाइपलाइन बीछा दी गई है व साथ ही साथ घर-घर पानी के कनेक्शन जोड़े जा रहे हैं। मूलभूत जरुरत पानी की जो बड़ी समस्या थी। वो हल होने जा रही है।

जरुरतमंद को रक्तदान किया

रावतभाटा, (निसं)। परमाणु बिजली घर में मरीज विमला बाई को 2 यूनिट रक्त एवं राजीव कोशी को 1 यूनिट की आवश्कता होने पर अजय टेलर, दिनेश सोनी व आकाश दीप ने ऐ पॉजिटिव रक्तदान कर मानवता की मिसाल दी। कोर्डिनेटर विजय गुप्ता ने कहा कि जरूरतमंद मरीजों की जान बचाने के लिए आपका छोटा सा प्रयास ही काफी है। थोड़ी सी हिम्मत और जज्बे से जरूरतमंद मरीजों की जान बचा सकते हैं।

छात्र को प्रोत्साहन राशि का चैक सौंपा

छबड़ा, (निसं)। आर्य समाज वेद मंदिर समिति ने जरूरतमंद छात्र को 10 हजार रूपए की प्रोत्साहन राषि का चैक सौंपा। आर्य समाज वेद मंदिर के पुरोहित जीतपाल शास्त्री ने बताया कि कोशाध्यक्ष महेंद्रकुमार गुप्त द्वारा छात्र गुंजित पुत्र हरिष झाम्ब को सालाना फीस के रूप में यह चैक सौंपा और छात्र के उज्जवल भविष्य की कामनाएं की। इस पर छात्र ने समिति का आभार व्यक्त किया।

राजस्थान आवासन मण्डल कोटा वृत्त कोटा
क्रमांक 4328 जाहिर आम सूचना दिनांक - 8.2.23
आवास संख्या 2 एफ 24 सुनेल का आवंटन मंडल द्वारा श्रीमती शहनाज बी अंसारी पत्नी श्री मोहम्मद रफीक अंसारी को किया गया था। इस आवास का पंजीयन श्रीमती शहनाज बी अंसारी पत्नी श्री मोहम्मद रफीक अंसारी द्वारा दिनांक 29.06.2012 को अपने पक्ष में करवाया गया। पंजीयन उपरांत श्रीमती शहनाज बी अंसारी द्वारा इस आवास का बैचान जरिये बिक्री पत्र आलेखित कर दिनांक 02.08.2013 को श्रीमती शरीफन बी पत्नी श्री मुजफ्फर अली को किया गया। तत्पश्चात श्रीमती शरीफन बी द्वारा इस आवास का बैचान जरिये बिक्री पत्र आलेखित कर दिनांक 05.08.2022 को श्री जाकिर हुसैन पुत्र श्री उस्मान गनी को किया गया। श्री जाकिर हुसैन पुत्र श्री उस्मान गनी द्वारा इस कार्यालय में प्रतिवेदन प्रस्तुत कर बिक्री पत्र के आधार पर अपना नाम आवास के मंडल अभिलेख में दर्ज करने हेतु आवेदन किया गया है।
अत: इस आवास के मंडल अभिलेख में श्री जाकिर हुसैन पुत्र श्री उस्मान गनी का नाम बिक्री पत्र के आधार पर आवास के मंडल अभिलेख में दर्ज करने में किसी भी पक्षकार/व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो 15 दिवस के अन्दर इस कार्यालय को सूचित करें। अन्यथा यह मानते हुये कि इस आवास के मंडल अभिलेख में श्री जाकिर हुसैन पुत्र श्री उस्मान गनी का नाम बिक्री कर के आधार पर आवास के मंडल अभिलेख में दर्ज किये जाने में किसी भी व्यक्ति/पक्षकार को कोई आपत्ति नहीं है। उक्त आवास के मंडल अभिलेख में बिक्री पत्र के आधार पर श्री जाकिर हुसैन पुत्र श्री उस्मान गनी का नाम आवास के मंडल अभिलेख में दर्ज कर दिया जावेगा।
उप आवासन आयुक्त राजस्थान आवासन मण्डल, कोटा वृत्त कोटा

कार्यालय नगर विकास न्यास, कोटा
क्रमांक:-एफ 11/विक्रय/2022/1441 विज्ञप्ति दिनांक:-3.2.2023
न्यास कार्यालय की केशवपुरा-6 व्यावसायिक योजना में दुकान/भूखण्ड/आवास संख्या 46 का आवंटन पत्र क्रमांक 254 दिनांक 06.03.1992 के द्वारा श्री सोनीराम शर्मा पुत्र श्री हुकुम चन्द को किया गया था। श्री सोनीराम शर्मा पुत्र श्री हुकुम चन्द द्वारा नियुक्त मुख्तारआम श्री इकराम हुसैन पुत्र श्री मोहम्मद हुसैन ने उक्त दुकान/भूखण्ड/आवास का विक्रय जर्ये विक्रय पत्र दिनांक 25.06.2013 को श्रीमति सुनिता देवी पत्नि श्री मनसुख लाल को कर दिया गया है। उक्त भूखण्ड का नामांतरण श्रीमति सुनिता देवी पत्नि श्री मनसुख लाल के नाम किये जाने हेतु आवेदन किया गया है।
अत: जिस किसी को भी उक्त दुकान/भूखण्ड/आवास के हस्तानांतरण मृत्यु उपरांत श्रीमति सुनिता देवी पत्नि श्री मनसुख लाल के नाम किये जाने में कोई आपत्ति हो तो अन्दर 7 योम में अपनी आपत्ति दर्ज करावे अन्यथा मियाद गुजरने के पश्चात उक्त दुकान/भूखण्ड/आवास का स्वामित्व हस्तानांतरण श्रीमति सुनिता देवी पत्नि श्री मनसुख लाल के नाम स्वीकृति जारी कर दी जावेगी।
उपसचिव नगर विकास न्यास, कोटा

कार्यालय नगर विकास न्यास, कोटा
क्रमांक:-एफ 15/कृ.भू.रू./2023/2234 विज्ञप्ति दिनांक:-8.2.2023
सर्व साधारण को जर्ये विज्ञप्ति सूचित किया जाता है कि ग्राम कोटडी में स्थित कृषि भूमि योजना बजरंग नगर में स्थित भूखण्ड संख्या 356-ए आवेदक/आवेदिका श्रीमती कविता विजय पत्नि श्री शैलेन्द्र कुमार विजय निवासी 356-ए बजरंग नगर पुलिस लाईन कोटा राज. नामहस्तान्तरण हेतु ऑनलाईन आवेदन प्रस्तुत किया गया है। उक्त भूखण्ड का पट्टा आदेश क्रमांक 3481 दिनांक 27.01.2005 से श्री शेलेन्द्र कुमार विजय पुत्र श्री द्वारका प्रसाद विजय के नाम जारी किया गया था। पट्टाधारा की मृत्यु प्रमाण पत्र के अनुसार दिनांक 31.01.2019 व माता ललिता देवी की मृत्यु दिनांक 29.12.1996 को हो चुकी है। जिसके विधिक वारिसान पत्नि श्रीमती कविता विजय, पुत्री श्रीमती परिधीं विजय, पुत्र विशेष विजय है। वारिसान परिधी विजय, विशेष विजय द्वारा जर्ये रजि. हक त्याग पत्र दिनांक 27.12.2022 को आवेदिका के पक्ष में किया गया है।
अत: श्रीमती कविता विजय पत्नि श्री शैलेन्द्र कुमार विजय के पक्ष में नाम हस्तान्तरण जारी किये जाने में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो अन्दर 7 योम कार्यालय में उपस्थित होकर अथवा लिखित में अद्योहस्ताक्षरकर्ता को प्रस्तुत करें। बाद मियाद गुजर जाने के बाद आपत्ति मान्य नही होगी।
उपसचिव नगर विकास न्यास, कोटा

कार्यालय नगर विकास न्यास, कोटा
क्रमांक:-632 नाम हस्तान्तरण चाहने बाबत आम सूचना दिनांक:-8.2.2023
नगर विकास न्यास कोटा द्वारा योजना विश्वकर्मा ऑटोमोबाईल नगर व्यवसायिक योजना के भूखण्ड संख्या 101 का आवंटन मैसर्स बी.डी. बेट्रीज प्रो. श्री राजकुमार गेरा आवंटन क्रमांक 178 दिनांक 05.12.2000 को किया गया था। आवंटी श्री राजकुमार गेरा पुत्र स्व. श्री भगवान दास गेरा द्वारा उक्त भूखण्ड का मुख्तारआम श्री चेतन खेलानी पुत्र श्री कुन्दन लाल को मुख्तारआम नियुक्त किया गया है। मुख्तारआम श्री चेतन खेलानी पुत्र श्री कुन्दनलाल द्वारा उक्त भूखण्ड 101 विश्वकर्मा ऑटोमोबाईल नगर व्यावसायिक योजना को जरिये रजिस्ट्रड विक्रय पत्र दिनांक 04.02.2015 से श्री कुन्दन लाल पुत्र श्री धन्नालाल को विक्रय कर दिया है। विक्रय उपरान्त क्रेता श्री कुन्दन लाल पुत्र श्री धन्नालाल के द्वारा नाम हस्तान्तरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।
अत: जरिये आम सूचित किया जाता है कि यदि इस नाम हस्तान्तरण की स्वीकृति देने में किसी को कोई ऐतराज हो तो विज्ञप्ति जारी होने के 7 दिवस के अन्दर-अन्दर अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें, अन्यथा मियाद गुजरने के पश्चात उक्त भूखण्ड संख्या 101 विश्वकर्मा ऑटोमोबाईल नगर व्यावसायिक योजना का हस्तान्तरण श्री कुन्दन लाल पुत्र श्री धन्नालाल के नाम स्वीकृति जारी कर दी जावेगी।
उपसचिव नगर विकास न्यास, कोटा

कार्यालय नगर विकास न्यास, कोटा
क्रमांक:-518 नाम हस्तान्तरण चाहने बाबत आम सूचना दिनांक:-17.1.2023
नगर विकास न्यास कोटा द्वारा योजना विश्वकर्मा ऑटोमोबाईल नगर स्पेशल व्यवसायिक योजना के भूखण्ड संख्या 207 का आवंटन केपिटल आटो. इलेक्ट्रीक वर्क्स प्रो. श्री राजेन्द्र पाल आवंटन क्रमांक 487 दिनांक 13.12.2000 को किया गया था। आवंटी श्री राजेन्द्र पाल पुत्र श्री सत्य पाल द्वारा उक्त भूखण्ड का मुख्तारआम श्री नरोत्तम कुमार गुप्ता पुत्र श्री रामनारायण को मुख्तारआम नियुक्त किया गया है। मुख्तारआम श्री नरोत्तम कुमार गुप्ता पुत्र श्री रामनारायण द्वारा उक्त भूखण्ड 207 विश्वकर्मा ऑटोमोबाईल नगर स्पेशल व्यावसायिक योजना को जरिये रजिस्ट्रड विक्रय पत्र दिनांक 13.10.2022 से श्रीमती निर्मला कुमारी माहेश्वरी पत्नी श्री नरोत्तम कुमार गुप्ता को विक्रय कर दिया है। क्रेता श्रीमती निर्मला कुमारी माहेश्वरी पत्नी श्री नरोत्तम कुमार गुप्ता के द्वारा नाम हस्तान्तरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।
अत: जरिये आम सूचित किया जाता है कि यदि इस नाम हस्तान्तरण की स्वीकृति देने में किसी को कोई ऐतराज हो तो विज्ञप्ति जारी होने के 7 दिवस के अन्दर-अन्दर अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें, अन्यथा मियाद गुजरने के पश्चात उक्त भूखण्ड संख्या 207 विश्वकर्मा ऑटोमोबाईल नगर स्पेशल व्यावसायिक योजना का हस्तान्तरण श्रीमती निर्मला कुमारी माहेश्वरी पत्नी श्री नरोत्तम कुमार गुप्ता के नाम स्वीकृति जारी कर दी जावेगी।
उपसचिव नगर विकास न्यास, कोटा